प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
09.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया है ताकि कोई भी विकास की मुख्यधारा से वंचित न रहे। वे आज कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में अखिल भारतीय वाल्मीकि महासभा के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन के शुभारंभ पर बोल रहे थे। उन्होनें कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामाजिक समरसता और समावेशी विकास अत्यंत आवश्यक है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे सम्मेलन समाज को नई दिशा देने और सामाजिक संवाद को सुदृढ़ करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को समान अवसर उपलब्ध करवाने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि युवाओं और महिलाओं का सशक्तिकरण विकसित भारत के निर्माण का मजबूत आधार बना है।

....

लोक अदालत

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण आज देशभर में इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर रहा है। प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजीव पांडे के अनुसार इस पहल का उद्देश्य सहभागी और जन–केंद्रित तरीकों से विवादों का सौहार्दपूर्ण निपटारा करना और अदालतों पर बोझ कम करना है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में समझौता योग्य आपराधिक मामलों, चेक बाउंस और बैंक वसूली विवादों सहित कई प्रकार के मामलों की सुनवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 से 2025 के बीच 12 राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन कर 26 करोड़ मामलों का निपटारा किया गया है।

....

निरीक्षण

ग्रामीण विकास व पंचायती राज सचिव सी. पालरासु ने पंचायत चुनाव के चलते आज पालमपुर में स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत चुनावों को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा–निर्देश भी जारी किए। उन्होंने स्ट्रांग रूम और मतगणना स्थल से जुड़े सभी निर्वाचन नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

....

नामांकन

प्रदेश की 3 हजार 7 सौ 54 पंचायतों में नामांकन पत्र भरने के दूसरे दिन कुल 25 हजार 6 सौ 71 नामांकन पत्र भरे गए। इस प्रकार चुनाव के शुरूआती दो दिनों में नामांकन पत्र दाखिल करने वाले

उम्मीदवारों की संख्या 42 हजार पांच सौ 62 हो गई है। इसके अलावा 11 मई को भी नामांकन भरे जा सकेंगे।

इन चुनावों के लिए 12 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी, जबकि 14 और 15 मई को उम्मीदवार 3 बजे तक अपने नाम वापिस ले सकते हैं। प्रदेश की कुल 31 हजार एक सौ 82 पदों के लिए तीन चरणों में 26, 28 और 30 मई को वोट डाले जाएंगे।

....

चुनाव प्रचार

प्रदेश के शहरी निकायों में 17 मई को होने वाले चुनाव के लिए प्रचार अभियान तेज हो रहा है। नगर निगमों सहित शहरी स्थानीय निकायों में चुनाव मैदान में उतरे उम्मीदवार लगातार प्रचार में जुटे हुए हैं। राजनीतिक दलों के नेता भी विभिन्न स्थानों पर अपनी–अपनी पार्टी समर्थित उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। इसी कड़ी में विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने आज सोलन में चुनाव प्रचार किया।

....

एमएसएमई

छोटे उद्योगों और स्टार्टअपस को नई दिशा देने के लिए इस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकांउंटेंट्स की ओर से शिमला में दो दिवसीय मंथन मीट का आयोजन किया गया है। इसका उद्देश्य तकनीक और नीतिगत सुधारों के माध्यम से एम.एस.एम.ई क्षेत्र को मजबूत बनाना है। इस आयोजना में देशभर से छोटे उद्यमी और वित्तीय सस्थानों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। एम.एस.एम.ई व स्टार्टअप कमेटी के चैयरमेन ज्ञान चंद मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम में उद्यमियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई ताकि वे अपने कारोबार को आगे बढ़ा सकें।

....

जयंती

आज गुरूदेव रबींद्रनाथ ठाकुर की एक सौ 65वीं जयंती है। इस अवसर पर विश्व स्तर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गुरूदेव टैगोर असाधारण प्रतिभा के धनी लेखक, विचारक और कवि थे। उन्होंने कहा कि गुरुदेव ने एक असाधारण दार्शनिक, शिक्षाविद, कलाकार और भारत की सभ्यतागत आत्मा की शाश्वत आवाज के रूप में अपनी छाप छोड़ी। प्रधानमंत्री ने कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर ने समाज को नए विचारों, रचनात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक आत्मविश्वास से समृद्ध किया। उन्होंने कहा कि गुरुदेव को गहरी श्रद्धा व कृतज्ञता के साथ याद किया जाता है और उनके विचार हमेशा लोगों का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

....